# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL, PATIALA
## FINAL EXAMINATION (19 March 2026)
### Subject : Hindi (Set - B)
### Class - V

**Time: 3 hrs.** **MM: 80**

---

प्र12. सही शब्द पर (✓) का निशान लगाओ। (MCQ) (10)

1) अनन्त ने अनमोल को शरारत करने की सलाह दी।

क) सही ☐ ख) गलत ☐

2) और दिनों की तरह आज भी जमा दिया खूब ..........

क) अखाड़ा ☐ ख) अँधेरा ☐

3) यह वाक्य किसने किससे कहा?

"मै आपकी क्या सेवा कर सकता हूँ"?

क) सुश्रुत ने नारद जी से ☐ ख) नारद जी ने सुश्रुत से ☐

4) नारद जी ने रहस्य पर से ............ हटाते हुए कहा।

क) दर्पण ☐ ख) परदा ☐

5) 'चकित' का अर्थ है -

क) हैरान ☐ ख) परेशान ☐

6) कौन-सा शब्द सही है?

क) मुफ़्रत ☐ ख) मुफ़्त ☐

7) यह वाक्य किसने, किससे कहा?

"मास्टर जी, इसकों मारो। पीटो। पर सुधारों।"

क) अनन्त के पिता जी ने मास्टर से ☐ ख) समीर के पिता जी ने मास्टर से ☐

8) .......... कथाएँ हमें जीवन की सही राह दिखाती है।

क) पौराणिक ☐ ख) मौखिक ☐

9) कौन-सा शब्द सही है?

क) ऊषा ☐ ख) उषा ☐

10) दिन भर की .......... से थक कर जो सोया था जागा।

क) अफरा-तफरी ☐ ख) आपा-धापी ☐

प्र4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखो। (Long Answers) (6)

क) सूरज के उगने पर क्या-क्या होता है?

ख) पहले नंबर पर अपना नाम सुन कर सुश्रुत ने क्या किया?

ग) मास्टर जी ने समीर को काम धंधे पर लगाने की बात उसके पिता जी से क्यों कही?

प्र1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखो। (5)

1) संकोच 2) उजाला 3) लाइन 4) इच्छा 5) तनिक

Scanned with OKEN Scanner

प्र2. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाओः (3)

1) वजह 2) पोथी 3) शिकायत

प्र3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखो। (Short Answers) (5)

क) समीर के पिता जी और माता जी क्या काम करते थे?

ख) नारद जी किस कार्य के लिए प्रसिद्ध है?

ग) पाठ के आधार पर बताइए कि जिस दिन आसमान में बादल आते है उस दिन सूर्य क्या करता है?

घ) अनमोल सब बच्चों की लाइन बनवाकर उन्हें क्या करवाता है?

ङ) नारद जी के हाथ में रखी पोथी में किनके नाम थे?

च) कवि ने सूरज को किसके समान बताया है?

प्र5. लिंग बदलो (3)

1) किशोर 2) श्रमिक 3) वीर 4) नेता 5) सहपाठी 6) होनहार

प्र6. वचन बदलो (3)

1) स्त्री 2) धेनु 3) नेता 4) कौआ 5) हथियार 6) इरादा

प्र7. विलोम शब्द (3)

1) जड़ 2) ताज़ा 3) उपकार 4) अनुकूल 5) कटु 6) तीव्र

प्र8. अनेक शब्दों के लिए एक शब्दः (6)

क) जो बोलने वाला हो -

ख) जो पढ़ा लिखा न हो -

ग) जो तीन रंग का हो -

घ) जो अभिनय करती हो -

ङ) जो बड़ों की आज्ञा मानने वाला हो -

(च) जो विज्ञान का जानकार हो -

प्र9. पर्यायवाची शब्द (दो दो) (5)

1) कपड़ा 2) नाव 3) जंगल 4) साँप 5) आनंद

प्र10क) जिस समय में कोई ............... होती है, वह उसका काल होता है। (4)

ख) क्रिया के जिस रूप से कार्य के आने वाले समय में होने का बोध हो उसे ........... काल कहते है।

ग) भूत काल किसे कहते है?

प्र11. काल बताइए: (3)

क) रोहन सदैव कक्षा में प्रथम आता है।

ख) वह घर देर से लौटा था।

ग) शायद आज वर्षा होगी।

घ) हवा से पेड़ झूम रहे थे।

ङ) मीरा मधुर भजन गा रही है।

च) मै सुवह जल्दी उठ जाऊँगा।

Scanned with OKEN Scanner

प्र13. निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त विराम चिह्न लगाइए: (4)

क) शाबाश तुमने तो कमाल कर दिया

ख) क्या तुम अपने माता पिता की आज्ञा नही मानते

ग) भगवान की नज़रों में अमीर गरीब छोटे बड़े सब समान है

घ) माँ डाटते हुए "ऐसी हरकत दोबारा मत कराना।".

प्र14. निम्नलिखित में से कौन-सा लाघव चिह्न है? (2)

क) 1) 0 2) ?

ख) कौन-सा चिह्न विवरण चिह्न है?

1) ( ) 2) :-

प्र15. क्रिया छाँटिए : (2)

क) बच्चा भागकर माँ की गोद में बैठ गया।

ख) चुटकुला सुनकर सब हँसने लगे।

ग) छात्र परीक्षा दे रहा है।

प्र16. अपठित गद्यांश (10)

हर देश की आन-बान और शान होता है उसका राष्ट्रीय ध्वज। हमारा राष्ट्रीय ध्वज है तिरंगा। जब यह आकाश में लहराता है तो गर्व से हमारा सीना फूल उठता है। पहली बार 15 अगस्त 1947 को प0 जवाहरलाल नेहरू ने इसे लाल किले पर फहराया था। स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर इसे हर समारोह में फहराया जाता है और सलामी दी जाती है। यह हमारे देश की अनेकता में एकता को दर्शाता है। सबसे ऊपरी पट्टी केसरिया रंग की है। यह रंग हमारी वीरता और बलिदान की भावना का प्रतीक है। बीच की पट्टी का श्वेत रंग हमारी शांतिप्रियता को दर्शाता है। सबसे नीचे की पट्टी हमारी सुख-समृद्धि का प्रतीक है। श्वेत रंग के बीच में एक चक्र है। इस चक्र में चौबीस तीलियाँ है। यह धर्म चक्र है। यह हमें चौबीस घंटे धर्म और कर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। अपने तिरंगे की रक्षा के लिए हम सब भारतीय अपने प्राण तक न्योछावर करने के लिए तैयार रहते है।

प्रश्नों के उत्तर दो:

1) तिरंगे झंडे की सबसे ऊपरी पट्टी कौन-से रंग की है?
2) सबसे नीचे की पट्टी किस की प्रतीक है?
3) पहली बार पं0 जवाहरलाल नेहरू ने इसे कब फहराया था?
4) धर्म चक्र हमें क्या प्रेरणा देता है?
5) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ गद्यांश में से ढूँढकर लिखें:
   क) नभ ख) झंडा ग) बहादुरी घ) दिन
6) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश में से ढूँढकर लिखें: :
   क) परतंत्रता ख) अधर्म
7) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द गद्यांश में से ढूँढकर लिखें: :
   क) जो तीन रंग का हो ख) भारत का नागरिक

प्र17. बड़ी बहन के विवाह के लिए अवकाश लेने के लिए प्रधानाचार्य जी को पत्र लिखो। (6)

अथवा

मित्र को चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने पर बधाई देते हुए पत्र लिखो।

Scanned with OKEN Scanner